सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-268
04/06/2018

‘चाणक्य’ नाटक मंचन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हुये शामिल

पटना, 04 जून 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार द्वारा प्रस्तुत ज्वलंत ऐतिहासिक हिन्दी नाटक ‘चाणक्य’ के मंचन कार्यक्रम में शिरकत की। ‘चाणक्य’ नाटक में पद्मश्री मनोज जोशी एवं उनकी नाटक मंडली में सम्मिलित कलाकारों ने हिस्सा लिया और नाटक की जबरदस्त प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने चाणक्य नाटक को अंत तक देखा।

नाटक के मंचन की समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने भी नाटक के सभी कलाकारों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नाटक को दूसरी बार देखने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि पुरातात्विक स्थल जिनका संबंध चाणक्य से है, के संबंध में अधिकारियों से कहेंगे कि वे आप सभी कलाकारों से विमर्श करें और समुचित कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र ऐतिहासिक धरती है। यहॉ पुरातात्विक महत्व के कई स्थल हैं और उसके लिये हमलोग प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस नाटक की पूरी टीम का आदर करता हूॅ और इस शानदार प्रस्तुति के लिये आभार व्यक्त करता हूॅ। उन्होंने कहा कि हम आपके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिये यहॉ आये हैं।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री रामकृपाल यादव, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, कृषि मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री रामनारायण मंडल, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, सहकारिता मंत्री श्री राणा रणधीर सिंह, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, सांसद श्री नित्यानंद राय, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधान पार्षद श्री देवेश चन्द्र ठाकुर, विधान पार्षद श्री संजय सिंह उर्फ गाँधी जी, पटना नगर निगम की मेयर श्रीमती सीता साहू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, दर्शकगण, दिव्य प्रेम सेवा मिशन से जुड़े कलाकार एवं सदस्य उपस्थित थे।

******